एक बार पुनः बीएलओ पहुंचेंगे, घर-घर

भोपाल 06 दिसंबर (ए)। भारत निर्वाचन आयोग ने 30 नवम्बर तक संचालित विशेष अभियान की तिथि बढ़ाकर 15 दिसम्बर कर दिया है। अब जिले में भी मतदाताओं के अधिक से अधिक पंजीकरण करने के लिए यह अभियान 15 दिसम्बर तक चलेगा। इस दौरान नियुक्त बीएलओ एक बार पुनः घर-घर जाकर प्रथम अभियान से छूटे हुए मतदाताओं को मतदाता सूची में दर्ज करवाने हेतु दावा-आपत्ति प्राप्त करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के समस्त रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नियुक्त बीएलओ के माध्यम से आयोग के दिशा निर्देशानुसार होने वाली कार्यवाही समय सीमा में करवाना सुनिश्चित करेंगे।

समाधान एक दिन व्यवस्था 15 दिसम्बर से

भोपाल 06 दिसंबर (ए)। मध्यप्रदेश लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम के तहत समाधान एक दिन व्यवस्था 15 दिसम्बर 2017 से शुरू होगी। जिसके तहत लोक सेवा केंद्रों पर प्रत्येक मंगलवार को चिन्हित सेवाओं का लाभ एक दिवस में प्राप्त होगा। समाधान एक दिन व्यवस्था अंतर्गत जिला एवं तहसील मुख्यालय पर लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से प्रत्येक मंगलवार को लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत अधिसूचित चिन्हित सेवाओं का प्रदाय एक दिवस में किया जायेगा।

रूचि समूह पुरस्कार दिए जाने हेतु आवेदन पत्र 15 दिसम्बर तक आमंत्रित

भोपाल ,06 दिसंबर (ए)। परियोजना संचालक आत्मा तथा किसान कल्याण कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी आत्मा अंतर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार एवं सर्वोत्तम कृषक रूचि समूह पुरस्कार दिए जाने हेतु आवेदन पत्र 15 दिसम्बर तक आमंत्रित किये गए है। इच्छुक कृषक संबंधित विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बीटीएम आत्मा से निःशुल्क प्राप्त कर समय सीमा में प्रस्तुत कर सकते है।

आनंद उत्सव की वीडियो कान्फ्रेंस 8 दिसंबर को

भोपाल 06 दिसंबर (ए)। आनंद विभाग द्वारा 14 जनवरी से 28 जनवरी के बीच आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। तत्संबंध में 8 दिसंबर को प्रात~ 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे तक आनंद उत्सव की वीडियो कान्फ्रेंस आयोजित की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य आनंद संस्थान श्री मनोहर दुबे ने बताया कि उक्त वीडियो कान्फ्रेंसिंग में आनंद विभाग के जिला नोडल अधिकारी, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, सभी नगर निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नगमायुक्त से आनंद उत्सव की रूप रेखा एवं तैयारियों के बारे में चर्चा की जाएगी साथ ही उन्हें राज्य आनंद संस्थान के वेबसाइट पर आनंद उत्सव आयोजन की जानकारी अपलोड करने संबंधी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

जनसुनवाई में 65 आवेदकों ने दिए आवेदन

भोपाल ,06 दिसंबर (ए)। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज सम्पन्न हुई जनसुनवाई में 65 आवेदकों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं के संबंध में कलेक्टर डॉ. सुदाम खाडे को आवेदन दिए गए। कलेक्टर डॉ. खाडे द्वारा उक्त आवेदन संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए इनके समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती दिशा नागवंशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

महिला परियोजना अधिकारी पांच हजार की रिश्वत लेते धराई

भोपाल 6 दिसंबर (ए) धार जिले की धरमपुरी तहसील में पदस्थ बाल विकास परियोजना अधिकारी अंगूर बाला को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों लोकायुक्त इंदौर की टीम द्वारा पकड़ा गया। आरोपी महिला अधिकारी द्वारा फरियादी आंगनवाडी सहायिका गीता बाई को पुनः नौकरी में रखने के लिए 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। बातचीत में दस हजार रुपये लेना तय हुआ और एक हजार रूपए एडवांस दिए गए थे। दूसरी क़िश्त के रूप में फरियादी द्वारा पांच हजार रुपये दिए जा रहे थे। उसी समय लोकायुक्त इंदौर पुलिस द्वारा आरोपी को उसके कार्यालय कक्ष में रंगे हाथों पकड़ा गया। कार्रवाई करने वाली टीम में डीएसपी प्रवीण बघेल के साथ निरीक्षक आशा सेजकर निरीक्षक सुनील उइके आरक्षक राजप्रताप नरेंद्र कमलेश एवम चालक शेर सिंह शामिल रहे।

बड़े भाई को अस्पताल ले जा रहे छोटे भाई की वाहन फिसलने से हुई मौत

भोपाल 6 दिसंबर (ए) राजधानी के गौतम नगर थाना इलाके में बड़े भाई को इलाज के लिए ले जा रहे छोटे भाई की गाड़ी स्लिप हो जाने के कारण जान चली गई। दर्दनाक घटना में मृतक के बड़े भाई की भी मौत हो गई। थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नारियल खेड़ा में रहने वाले 35 वर्षीय संदीप शर्मा पिता एचसी शर्मा के बड़े भाई की बीती रात हार्ट अटैक आने से अचानक तबियत बिगड़ गई। संदीप अपने बड़े भाई को उपचार के लिए एंबुलैस से अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान पीजीबीटी कालेज मोड़ पर एटीएम के पास अचानक उनकी गाड़ी स्लिप हो गई। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां दीपक की उपचार के दौरान थोड़ी देर बाद मौत हो गई।

संचालनालय
मछली पालन विभाग, छत्तीसगढ़
इन्द्रावती भवन, चतुर्थ तल (बी-ब्लाक),नया रायपुर
Phone- 0771-2443124, Fax-0771-2443067

क्रमांक-3461/ म./स्था./2016-17 नया रायपुर, दिनांक 4/12/17

// नोटिस //

श्री महेश राम ओटी, सहायक वर्ग-दो, संचालनालय मछली पालन, छत्तीसगढ़ (निवास पता) ग्राम-माहुद, पो. व तह.-चारामा, जिला-उत्तर बस्तर, कांकेर (छ.ग.) आप दिनांक 22.06.2017 से कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है, जिस पर आपको संचालनालय के पत्र क्रमांक 2833 दिनांक 26.09.2017 द्वारा कर्तव्य पर उपस्थित होने हेतु लिखा जा चुका है, इसके बावजूद कर्तव्य पर उपस्थित नहीं हो रहे है। पूर्व में भी आपको अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण चेतावनी दी जा चुकी है, फिर भी आपके आचरण में कोई सुधार नहीं आया है।

आपका उक्त कृत्य सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 (दो), (तीन), 3 क (ग) एवं 7 के विपरीत होकर छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण अपील) 1966 के नियम 14 के तहत् अनुशासनात्मक कार्यवाही की श्रेणी में आता है। क्यों न आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कर आपको सेवा से पृथक किया जाए ? आप अपने बचाव (अभिरक्षा) में साक्ष्य तथ्य, अभिलेख (दस्तावेज) प्रस्तुत करना चाहते हो या अन्य कथन कहना चाहते हों, तो **दिनांक** 15.12.2017 तक संचालनालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। निर्धारित तिथि तक उपस्थित नहीं होने से यह माना जाकर ``**कि आप शासन को सेवा देने के इच्छुक नहीं हैं**`` सेवा समाप्त कर दी जावेगी।

संचालक मछली पालन
छत्तीसगढ़

जी-46185

भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समाधान ऑन लाइन.वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया।

नर्मदा सेवा यात्रा के एक वर्ष पर 11 को जबलपुर में भव्य कार्यक्रम

0 मुख्यमंत्री ने नर्मदा सेवा मिशन के कार्यों की समीक्षा की

भोपाल 6 दिसंबर (ए) मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नर्मदा सेवा यात्रा के एक वर्ष पूर्ण होने पर 11 दिसम्बर को जबलपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस दौरान नर्मदा नदी के संरक्षण और संवर्धन के लिये सालभर में किये गये कार्यों की प्रगति जनता के सामने रखी जायेगी। उन्होंने नर्मदा सेवा मिशन के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुये कार्यों में तेजी लाने के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया। चौहान ने विगत 2 जुलाई को हुये पौध रोपण के 90 प्रतिशत पौधे जीवित होने पर प्रसन्नता जाहिर की। मुख्यमंत्री चौहान ने नर्मदा नदी के प्रवाह को निर्मल और प्रबल बनाने के लिये विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की आज मंत्रालय में विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया की सभी स्वीकृत कार्य शीघ्र शुरु किये जायें। कार्यों की पूरी जानकारी से जनता को अवगत कराया जाये। घाटों पर बनाये जा रहे चेंजिंग रुम की संख्या आवश्यकतानुसार बढ़ायी जाये। किसानों को खेतों में फलदार पौधे लगाने के लिये प्रेरित किया जाये। पौधों को गर्मी से बचाने के लिये पानी का इंतजाम पहले से किया जाये। साथ ही आगामी वृक्षारोपण के लिये पौधे आदि की व्यवस्था अभी से सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेड़ों को बचाने के लिये हरसंभव व्यवस्था की जाये। मुख्यमंत्री चौहान ने नदियों की सीमा का चिन्हांकन करने तथा अतिक्रमण हटाने के लिये भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने आगामी 24 जनवरी को नर्मदा जयंती के पहले घाटों की सफाईए रंगाई.पुताई करके घाटों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। चौहान ने कहा कि नर्मदा तट के सभी गांवों तथा नगरों में सरकार और समाज मिलकर नर्मदा जयंती मनायेंगे। मुख्यमंत्री ने नई खनन नीति को प्रभावी रुप से लागू करने तथा कारखानों का एक बूंद पानी नदी में प्रवाहित नहीं होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही अध्यात्मिक पर्यटन स्थल चयन करने के भी निर्देश दियेए जहां लोग एकांत में ध्यान.योग कर सकें।

बैठक में वन मंत्री डॉण् गौरीशंकर शेजवारए जन.अभियान परिषद के उपाध्यक्ष द्वय प्रदीप पांडे एवं राघवेन्द्र गौतम तथा वनए ऊर्जाए नगरीय विकासए ग्रामीण विकासए लोक निर्माणए नर्मदा घाटीए कुटीर एवं ग्रामोद्योगए आवास एवं पर्यावरणए खनिजए कृषिए उद्यानिकीए पशुपालनए मत्स्य पालन आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

निगम परिषद की बैठक में जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा पर पार्षदों ने किया हंगामा

भोपाल 6 दिसंबर (ए) । नगर निगम परिषद् की बैठक नियत समय से डेढ़ घंटे देरी से शुरू हुई इस बैठक की शुरुआत में कांग्रेस पार्षदों ने निगम द्वारा जारी किये गए मोबाइल नंबर बंद होने का मामला उठाया स उन्होंने कहा कि निगम मोबाइल नंबर का संचालन करने में सक्षम नहीं है तो शहर की व्यवस्था कैसे चलाएगा स इसके साथ ही कांग्रेस पार्षदों ने निगम कमिशनर प्रियंका दास पर जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का आरोप लगाया स उनका कहना था कि मेडम पार्षद तो दूर महापौर को भी तवज्जो नहीं देती स कांग्रेस पार्षदों ने मुख्यमंत्री से निगम अधिकारीयों की तानाशाही की शिकायत करने की बात कही स हंगामे के बीच परिषद ने सिंगारचोली स्थित भारत माता मंदिर परिसर के निर्माण ए एमण्पीण् नगर स्थित मल्टी लेवल पार्किंग की दुकान क्रण् जी.09 एवं जी.10 में दोनों दुकानों को उच्चतम प्राप्त ऑफर राशि की स्वीकृति संबंधी विभागीय प्रस्ताव और वार्ड क्रण् 74 के पार्षद लीलाकिशन माली को कैंसर रोग के ईलाज हेतु 05 लाख रुपये की विशेष सहायता राशि की स्वीकृति संबंधी विभागीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की ।

बैठक के दौरान कांग्रेस पार्षद गिरीश शर्मा ने अधिकारियों द्वारा बिल्डरों को थोक में प्रोजेक्ट कम्पलीशन सर्टिफिक्रेट दिए जाने का मामला उठाया था स इस पर महापौर अलोक शर्मा ने कहा कि वर्ष 2015 से वर्ष 2017 आज दिनांक तक नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा द्वारा जिन प्रोजेक्टों एवं बिल्डरों को पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए है उनकी 10 दिन के अंदर जांच कर और दोषी पाए जाने वालों पर कार्यवाही की जाएगी।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग कांकेर मण्डल कांकेर

-: ई-प्रोक्यूरमेंट अल्प कालिन निविदा सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन निर्माण कार्य हेतु दिनांक 16.12.2017 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः-

क्र.	एन.आई. टी.नंबर	टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2		3	4	5
01	88	24419	पखांजूर उप-संभाग अंतर्गत मुख्यालय उपखण्ड पखांजूर के शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के रंगाई-पोताई एवं पेंटिंग का कार्य।	15.00 लाख	16.12.2017 (प्रथम आमंत्रण)
02	89	24420	पखांजूर उप-संभाग अंतर्गत बांदे उपखण्ड के शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के रंगाई-पोताई एवं पेंटिंग का कार्य।	10.00 लाख	16.12.2017 (प्रथम आमंत्रण)
03	90	24421	पखांजूर उप-संभाग अंतर्गत कापसी-बड़गांव उपखण्ड के शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के रंगाई-पोताई एवं पेंटिंग का कार्य।	7.57 लाख	16.12.2017 (प्रथम आमंत्रण)
04	91	24422	पखांजूर उप-संभाग अंतर्गत बांदे उपखण्ड के शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य।	16.80 लाख	16.12.2017 (प्रथम आमंत्रण)
05	92	24423	पखांजूर उप-संभाग अंतर्गत कापसी-बड़गांव उपखण्ड के शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य।	16.00 लाख	16.12.2017 (प्रथम आमंत्रण)
06	93	24425	पखांजूर उप-संभाग अंतर्गत मुख्यालय उपखण्ड पखांजूर के शासकीय आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य।	10.00 लाख	16.12.2017 (प्रथम आमंत्रण)
07	94	24426	पखांजूर उप-संभाग अंतर्गत मुख्यालय उपखण्ड पखांजूर के शासकीय गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य।	10.00 लाख	16.12.2017 (प्रथम आमंत्रण)
08	95	24428	कांकेर संभाग कांकेर के नरहरपुर अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का वार्षिक मरम्मत कार्य।	19.99 लाख	16.12.2017 (प्रथम आमंत्रण)

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

जी-46173

दिव्यांगों, वृद्धों, भिक्षु केंद्रों का गेहूं बेच डाला अफसरों ने

आपूर्ती निगम के दो अधिकारी निलंबित

भोपाल 6 दिसंबर (ए) । अधिकारियों ने गल्ला व्यापारियों के साथ मिलीभगत कर मदरसोंए दिव्यांग बच्चों वृद्धों छात्रों नारी निकेतन और भिक्षु केंद्रों को बंटने वाला राशन का गेहूं.चावल बेच डाला। गत दिनों करोंद मंडी में जिला प्रशासन के अफसरों ने छह फर्मों के गोदामों की जांच की जिनमें से तीन व्यापारियों के यहां से कुल 781 क्विंटल सरकारी गेहूं और 144 क्विंटल चावल जब्त किया गया। उधरए खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम ने दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया। करोंद मंडी के गोदाम में सरकारी गेहूं मिलने के बाद नागरिक आपूर्ति निगम ने पूरे मामले की तहकीकात की। करोंद मंडी के गोदाम नंबर 188 विक्की ट्रेडर्स के यहां 650 क्विंटल सरकारी गेहूं वाले मामले में पता चला कि कल्याणकारी योजना का गेहूं पांच सितंबर 2017 को विभिन्न संस्थाओं के लिए आपूर्ति करने के आदेश जिला पंचायत ने जारी किए थे। एक दिसंबर को परिवहन के लिए मेसर्स खालिद ट्रांसपोर्ट सर्विसेज भोपाल को गेहूं संबंधित संस्था को पहुंचाने के लिए आदेश दिए गए थे। आवंटन सितंबर से फरवरी 2019 तक का था। गेहूं नागरिक आपूर्ति निगम के जेके वेयर हाउस से सप्लाई किया गयाए जो किराए पर लिया गया था। परिवहनकर्ता को सौंपे गए स्टॉक की प्राप्ति संबंधित संस्था को हुई या नहींए यह सुनिश्चित करना जिला प्रबंधक पीके तिवारी और केंद्र प्रभारी प्रकाश बोरवनकर का काम था। इसमें उन्होंने लापरवाही बरती। इसके मद्देनजर निगम के प्रबंध संचालक विकास नरवाल ने दोनों को निलंबित कर दिया।

गत सुबह से ही प्रशासनिक अधिकारियों ने मंडी में पुलिस बल के साथ एक पंद्रह गोदामों में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान मंडी की कई दुकानें बंद थी जिन्हें जांच के लिए खुलवाया गया। एडीएम जीपी माली ने हुजूरए एमपी नगर और गोविंदपुरा एसडीएम को छापामार कार्रवाई में लगाया गया। इन टीमों में करीब 30 से अधिक तहसीलदार और पटवारी शामिल रहे। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए दृश्य में 11 ऐसे ट्रक नजर आए जो नियमों के विरूध मंडी परिसर में प्रवेश कर रहे थे। इस दौरान अलग.अलग जांच कर रही टीम को कई और सबूत भी मिले हैं। महावीर ट्रेडर्स पर टैग लगी तीन बोरियां मिलीए इसमें आटा भरा हुआ था। उधरए राजेश ट्रेडर्स के यहां पांच प्लॉस्टिक की खाली बोरियों के साथ सेवा सहकारी समिति अमझेरा के दो टैग पड़े मिले। ट्रेडर्स के संचालक राजेश साहू स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं करा सके। साथ ही सिमरन ट्रेडर्स में गेहूं के बारदाने को उल्टा कर उसमें चावल भर रखे थे। कार्रवाई में एजाज मियां के विक्की ट्रेडर्स गोदाम में सबसे ज्यादा सरकारी गेहूं को जब्त किया गया। इसे जांच के लिए दोबारा खोला गया।

इसी दौरान शहर मुफ्ती अब्दुल रज्जाक के पुत्र अब्दुल मजीद भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह गेहूं जामिला इस्लामिया अरेबिया मस्जिद का है। कलेक्टर सुदाम खाडे ने मामले की गंभीरता को भांपते हुए दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रखने का आदेश दिया।

श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा की अधिसूचना जारी

भोपाल 06 दिसंबर (ए)। म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत निर्माण श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों के सर्वांगीय विकास के लिए भोपाल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्रमोदय आवासीय विद्यालय स्थापित किया गया है। विद्यालय का उद्देश्य पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तायुक्त आधुनिक शिक्षा निन्शुल्क प्रदान करना है। जिले के विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से श्रमोदय विद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं। 8 अप्रैल 2018 को जिला मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे से परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का पूर्णांक 100 अंक का रहेगा। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी श्रम पदाधिकारी कार्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, बस्तर जिला- जगदलपुर (छ.ग.)

// प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//

क्रमांकः-पुअ/बस्तर/एसी/एम/ 5913-ए / 2017, दिनांकः 29/11/2017

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें पुलिस अधीक्षक, जगदलपुर के कार्यालय में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के भवन निर्माण कार्य हेतु लो.नि.वि. 01.01.2015 प्रभावशील दर अनुसूची पर प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर छ.ग. शासन के निर्माण विभाग में ई पंजीकृत डी एवं उच्च श्रेणी सक्षम ठेकेदार से दो लिफाफा पध्दति में (निविदा दर तथा अमानत राशि पृथक-पृथक) पंजीकृत पावती युक्त डाक स्पीड पोस्ट से कार्यालयीन समय में आमंत्रित की जाती है। कार्यालय से कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि- 15.12.2017 पंजीकृत डाक व्दारा कार्यालय में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि- 19.12.2017 के सायं 4:00 बजे, निविदा खोलने की तिथि- 19.12.2017 को सायं 5.00 बजे, यदि किसी कारणवश निर्धारित तिथि को निविदा नहीं खोली जाती है तो अगले कार्यदिवस को कार्यालयीन समय में प्रातः 11.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों (यदि उपस्थित रहना चाहे) के समक्ष खोली जावेगी जो निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहेंगे।

क्रं.	कार्य का नाम एवं कार्यस्थल	कार्य की अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में ट्यूब्लर स्ट्रक्चर्स बैरक बैरक, क्रं.01 मय विद्युतिकरण सहित	8.80 लाख	6600/-	750/-	3 माह
2	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में ट्यूब्लर स्ट्रक्चर्स बैरक बैरक, क्रं.02 मय विद्युतिकरण सहित	8.80 लाख	6600/-	750/-	3 माह
3	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में ट्यूब्लर स्ट्रक्चर्स बैरक बैरक, क्रं.03 मय विद्युतिकरण सहित	8.80 लाख	6600/-	750/-	3 माह
4	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में ट्यूब्लर स्ट्रक्चर्स बैरक बैरक, क्रं.04 मय विद्युतिकरण सहित	8.80 लाख	6600/-	750/-	3 माह
5	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में ट्यूब्लर स्ट्रक्चर्स बैरक बैरक, क्रं.05 मय विद्युतिकरण सहित	8.80 लाख	6600/-	750/-	3 माह
6	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में ट्यूब्लर स्ट्रक्चर्स बैरक बैरक, क्रं.06 मय विद्युतिकरण सहित	8.80 लाख	6600/-	750/-	3 माह
7	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में ट्यूब्लर स्ट्रक्चर्स बैरक बैरक, क्रं.07 मय विद्युतिकरण सहित	8.80 लाख	6600/-	750/-	3 माह
8	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में ट्यूब्लर स्ट्रक्चर्स बैरक बैरक, क्रं.08 मय विद्युतिकरण सहित	8.80 लाख	6600/-	750/-	3 माह
9	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में टायलेट/ बाथरुम ब्लाक मय ओपन वाटर टेंक सहित निर्माण कार्य मय सेनिटरी फिटिंग एवं विद्युतिकरण सहित	8.70 लाख	6600/-	750/-	3 माह
10.	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में क्रं. 1,2,3 एवं 4 निर्माण कार्य	2.00 लाख	2000/-	300/-	2 माह
11.	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में टॉवर मोर्चा क्रं.1 निर्माण कार्य	2.00 लाख	2000/-	300/-	3 माह
12.	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में टॉवर मोर्चा क्रं. 2 निर्माण कार्य	2.00 लाख	2000/-	300/-	3 माह
13.	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में बोरवेल मय सबमर्सिबल पंप सहित क्रं.1	1.50 लाख	1500/-	300/-	1 माह
14.	नवीन सीआरपीएफ कैम्प पुसपाल में बोरवेल मय सबमर्सिबल पंप सहित क्रं.1	1.50 लाख	1500/-	300/-	1 माह

नोटः- निविदा से संबंधित अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन दिवस मे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक
जिला- बस्तर

जी-46174